# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष श्री रामसिंह की उपस्थिति शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थाना सरधुवा क्षेत्रांतर्गत मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिया गया तथा पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सरधुवा का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ड्यूटी में तत्परता, अनुशासन एवं जनता के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।**

**(3) पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार मय उ०नि० अमरेन्द्र सिंह एवं हमराहीगण द्वारा 08 अभियुक्तों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।**
**कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 1. जुगुल किशोर पुत्र माताकुंवर नि० कसहाई थाना को० कीं जनपद चित्रकूट 2. रोहित पुत्र दीनदयाल नि0 गुलाब नगर थाना को० कवी जनपद चित्रकूट 3. अब्दुल पुत्र शाबिर अली नि० कसहाई थाना को कीं जनपद चित्रकूट 4. चेतराम पुत्र चुनबाद नि0 कुजन पुरवा थाना को० कर्वी जनपद चित्रकूट 5. अजमत अली पुत्र शाबिर अली नि० कसहाई थाना को० कर्वी जनपद चित्रकूट 6. भोला प्रसाद पुत्र भईया लाल नि० अनीपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 7. सुरेन्द्र कुमार पुत्र बृजलाल नि0 गुलाबनगर थाना को० कर्वी जनपद चित्रकूट 8. पारसनाथ पुत्र दयाराम नि0 लालापुर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 5160/ रूपए व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 2620 रु (कुल 7780 रुपये) बरामद किए गए।**
**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**
**1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार कोतवाली कर्वी**
**2.उ०नि० श्री अमरेन्द्र सिंह कोतवाली कर्वी**
**3.का० राहुलपुरी,**
**4.का0 राहुल देव**
**5.का० मोहित कुमार**
**5.चालक आरक्षी नीतू द्विवेदी**

**(4) पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 05 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।**
**(1). प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री शिव आसरे, उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार राय, उ0नि0 श्री दिनेश त्रिपाठी व आरक्षी पीयूष शरण श्रीवास्तव,आरक्षी चालक आदित्य कुमार के द्वारा अपराध संख्या 112/18 धारा 60,63 आबकारी अधिनियम के वारंटी अभियुक्त मुन्ना कोल पुत्र पृथ्वीपाल निवासी ग्राम बोझ फार्म थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।**

**(2). उ0नि0 श्री राजेश कुमार कोतवाली कर्वी व आरक्षी आकाश पटेल के द्वारा अपराध संख्या 259/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के वारंटी अभियुक्त महेश यादव पुत्र माता बादल यादव निवासी गुंजन पूर्व गोल तालाब कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।**
**(3). उ0नि0 श्री सुभाष राम थाना रैपुरा व आरक्षी उत्तम सिंह के द्वारा अपराध संख्या 16/16 धारा 363,366 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त चुनकवन डोमार पत्र बंगाली निवासी देवकली थाना रायपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।**
**(4). उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह थाना पहाड़ी व आरक्षी मृत्युंजय पाण्डेय, पीआरडी तुलसीदास द्वारा वाद संख्या 5027/23 धारा 138 एनआई एक्ट बनाम धर्मसिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी कहेटामाफी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट व वाद संख्या 242/23 मु0नं0 19/20 धारा 376/506 भादवि0 बनाम मनोज पुत्र नत्थू निवासी देवल थाना पहाड़ी चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।**

**(5) आज दिनांक 29.03.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का साक्षात्कार लिया गया।**
**साक्षात्कार में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण अवधि में आउटडोर,इनडोर की सिखलाई के संबंध में रिक्रूट आरक्षियों से सवाल किए गए जिसमें सभी रिक्रूट आरक्षियों ने सही जवाब दिए।**